

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### बुटोइया को किया सम्मानित

**संवाददाता** विकासनगर। राजकीय इंटर कॉलेज छरबा के शिक्षक एवं जूनियर रेड क्रॉस के जिला समन्वयक जितेंद्र सिंह बुटोइया को जिला रेडक्रॉस शाखा देहरादून की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक में सम्मानित किया गया। चेयरमैन कुंदन सिंह टोलिया ने बुटोइया को रेडक्रॉस आधारित उनके कार्यों के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर डॉ. एमएस अंवारी, देव प्रकाश, पार्वती पांडे, कल्पना बिष्ट, सुभाष सिंह चौहान, रीता गोयल, शिफा अली, अनामिका सोनी, मोहन खत्री, शांति बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालय सेलाकुई में दूर हुई पेयजल समस्या

**संवाददाता** विकासनगर। राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय सेलाकुई में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या दूर हो गई है। क्षेत्रीय विधायक सहदेव सिंह पुंडीर के सहयोग से विद्यालय में हैंडपंप लगवाया गया है। इससे विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों में भी खुशी की लहर है। विद्यालय परिवार ने हैंडपम्प लगवाने पर विधायक का आभार भी व्यक्त किया है। इस मौके पर रेखा जोशी, रश्मि मल्ल, सीमा जैन, रश्मि चौहान, सीमा रानी, ज्योति सैनी आदि मौजूद रहे।

### बाल संसद में नौनिहालों ने बताए सड़क सुरक्षा के उपाय

**(संवाददाता)** देहरादून/विकासनगर। समग्र शिक्षा अभियान के तहत मंगलवार को जूनियर हाईस्कूल एनफील्ड ग्रांट में बाल संसद का आयोजन किया गया। जिसमें नौनिहालों ने सड़क सुरक्षा विषय पर अपने विचार रखे। संकुल प्रभारी सरदार हरजिंदर सिंह ने बताया कि बच्चों में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए बाल संसद के अंतर्गत बच्चों को ही पदाधिकारी बनाया जाता है।

# रिवर्स पलायन में मददगार बनेंगे ग्रोथ सेंटरों: सीएम

**समीक्षा**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय में ग्रोथ सेंटर योजना की समीक्षा की

अभी तक 83 ग्रोथ सेंटरों को मिली मंजूरी, मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने निर्देश दिए हैं कि ग्रोथ सेंटरों के माध्यम से स्थानीय किसानों और उत्पादकों को अधिक से अधिक लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। जिन ग्रोथ सेंटर में सम्भव हो, वहां कॉमन सर्विस सेंटर भी खोले जाएं। ग्रोथ सेंटरों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रोथ सेंटरों के आसपास की आर्थिकी में सुधार दिखना चाहिए। सभी ग्रोथ सेंटरों का एक केंद्रीकृत पोर्टल बनाया जाए। इन्हें ई–नाम से भी जोड़ा जा सकता है।

मुख्यमंत्री, सचिवालय में ग्रोथ सेंटर योजना की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे अधिक ध्यान उत्पादों की मार्केटिंग पर दिए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए जरूरी है कि उत्पादन भी इसके अनुसार हो। मत्स्य में अपार सम्भावनाएं हैं। पहाड़ से मछली को शहरों तक पहुंचाने के लिए फ्रिज वैन की व्यवस्था हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पादों के जैविक प्रमाणीकरण की व्यवस्था भी की जाए। किसानों से उनके उत्पादों की बिक्री के लिएकम्पनियों के साथ कान्ट्रेक्ट कराया जाए ताकि किसानों को कीमत संबंधी निश्चिंतता हो सके। प्रदेश में कीवी के उत्पादन की सम्भावना का अध्ययन कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी ग्रोथ सेंटरों का एक केंद्रीकृत पोर्टल बनाया जाए। इन्हें ई–नाम से भी जोड़ा जा सकता है।



ग्रोथ सेंटरों को लेकर सीएम अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

ग्रोथ सेंटरों से जुड़े लोगों का फीडबैक और सुझाव लिये जाएं। प्रमुख सचिव मनीषा पंवार ने बताया कि अभी तक 83 ग्रोथ सेंटरों का स्वीकृति दी गई है। इनमें से 75 को धनराशि निर्गत की जा चुकी है। शेष 08 ग्रोथ सेंटर को जल्द ही धनराशि निर्गत कर दी जाएगी। बहुत से ग्रोथ सेंटरों पर काम भी शुरू किया जा चुका है।

डेयरी विभाग अन्तर्गत बागेश्वर के कमेड़ी, रूद्रप्रयाग के सुमाड़ी, चमोली के जखोला और देहरादून के लाखामण्डल में कुल 04 ग्रोथ सेन्टर स्वीकृत किये गये है, जिनके माध्यम से बद्री गाय के दूध व दुग्ध पदार्थो को तैयार कर दुग्ध उत्पादकों को लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित है। एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के अंतर्गत बेकरी, प्रसाद, फल एवं मसालों में वेल्यु एडीशन, यूरोपियन सब्जियां, मधुमक्खी पालन, वेस्ट फ्लावार वेल्यु एडीशन आदि के एग्रो बिजनेस ग्रोथ सेंटर शुरू किए गए हैं।

एरोमा इनोवेटिव एग्रोबिजनेस ग्रोथ सेंटर के लिए सेंटर फार एरोमटिक प्लांट सेलाकुई द्वारा उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर व पिथौरागढ़ में डेमस्क रोज की नर्सरियां तैयार की जा रही हैं। उत्तरकाशी, चमोली, रूद्रप्रयाग, टिहरी, बागेश्वर व पिथौरागढ़ में ऊन ग्रोथ सेंटर शुरू किए गए हैं।

### जनता और सरकार के बीच सेतू का काम करना पत्रकारिता का उद्देश्यः सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मंगलवार को मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने न्यूज पोर्टल देहरादून दर्मण का लोकार्पण किया। इस मौके पर सीएम त्रिवेन्द्र सिह रावत ने कहा कि भारत में पत्रकारिता का इतिहास सबसे पुराना है। देवाश्री नारदमुनि को पत्रकारिता का पिता कहा जाता है। जोकि तीनों लोकों का भ्रमण कर धरतीवासियों की समस्याओं से देवताओं कों अवगत कराते थे। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य जनता की समस्याओं का सरकार और प्रशासन तक ले जाना और सरकारी योजनाओं को जनता के बीच ले जाना होना चाहिए।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि पत्रकार को हमेशा निष्पक्षता से काम करना चाहिए। जिससे कि किसी भी समस्या की वास्तविता का पता चल सके। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की द्विवेश की भावना पत्रकार को उसके उदे्श्य से भटका सकती है। इसलिए उसे द्विवेश की भावना से पूरी तरह से हटकर काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि उनकी सरकार जनभावनाओं को ध्यान में रखकर ही अपनी सारी योजनाएं बना रही है। उत्तराखण्ड का बहुमुखी विकास उनकी सरकार का लक्ष्य है।

### बंदियों की मौत के मामले एसडीएम सौरभ असवाल जांच अधिकारी नामित

**संवाददाता** देहरादून। जिला कारागार में निरूद्ध विचाराधीन बन्दी राजकुमार पुत्र काजीमान निवासी कौलागढ, थाना कैन्ट, जनपद देहरादून की 20 नवम्बर 2019 को स्वास्थ्य अधिक खराब होने के कारण उपचार हेतु दून अस्पताल भेजा गया था चिकित्सालय में आपातकालीन चिकित्सक द्वारा जांचोउपरान्त बन्दी को मृत घोषित कर दिया गया था।

इसी प्रकार जिला कारागार निरूद्ध विचारधीन बन्दी सुभाष पुत्र स्व सत्यनारायण निवासी मन्ड्रोला थाना पिलानी, जिला झुझंनू राजस्थान की 24 नवम्बर 2019 को स्वाथ्य अधिक खराब होने के कारण दून अस्पताल भेजा गया था जहां चिकित्सकों ने बन्दी को मृत घोषित कर दिया गया था।

# पुलिस ने लौटाई 315 बच्चों की मुस्कान

**ऑपरेशन स्माइल**

■ ऑपरेशन स्माइल व शिनाख्त के तहत 24 अज्ञात शवों की करायी शिनाख्त

देहरादून। **संवाददाता**

पुलिस महानिदेशक अनिल के0 रतूड़ी की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में "ऑपरेशन स्माइल व ऑपरेशन शिनाख्त" अभियान के नोडल अधिकारियों व टीम प्रभारियों की समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गयी। अशोक कुमार, महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, उत्तराखण्ड ने बताया कि पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड के निर्देशानुसार प्रदेश में दिनांक 01 दिसम्बर, 2019 से 02 माह का ऑपरेशन स्माइल व ऑपरेशन शिनाख्त अभियान चलाया गया। इस अभियान में गुमशुदा बच्चों के साथ–साथ गुमशुदा पुरूषों व महिलाओं को भी तलाश किया गया तथा गुमशुदाओं का मिलान लावारिश शवों से भी कराया गया। अभियान में जनपद देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल व ऊधमसिंहनगर में 01 अपर पुलिस अधीक्षक व अन्य जनपदों में पुलिस उपाधीक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जायेगा।



डीजीपी प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए।

जनपद देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल व ऊधमसिंहनगर में 05–05 तलाशी टीम व शेष जनपदों में 02–02 तलाशी टीम (प्रत्येक टीम में उपनिरीक्षक–1, आरक्षी–4) का गठन किया जायेगा। प्रत्येक तलाशी टीम में गुमशुदाध्बरामद बच्चों व महिलाओं से पूछताछ हेतु एक महिला पुलिस कर्मी भी अनिवार्य रूप से नियुक्त किया गया।




### वन आरक्षियों की लिखित परीक्षा को लेकर दिए दिशा–निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। 16 फरवरी को जनपद में बनाये गये 36 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित होने वाली वन आरक्षियों की लिखित परीक्षा को शांति पूर्वक एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने लिए उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से वीडियोन्फ्रेसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा–निर्देश जिलाधिकारियों को दिये गये। कान्फेंसिंग के माध्यम से अवगत कराया गया कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल (महिला एवं पुरूष कांस्टेबल) तैनात किये जायेंगे। परीक्षा के दौरान विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने हेतु विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। इधर वीडियोकान्फ्रेसिंग से जानकारी देते हुए जिलाधिकारी आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा हेतु सभी चाक चौबन्द व्यवस्थाएं जिला प्रशासन द्वारा कर ली गयी हैं तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए सैक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति कर दी गयी हैं।

### सीएम से की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में लेफ्टिनेंट जनरल जेएस नेगी कमाण्डेन्ट आईएमए ने शिष्टाचार भेंट की।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।